# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (23.05.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 23.05.2025, PAGE-06**

## बिहार विश्वविद्यालय में बनेगी एथिकल कमेटी

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू मे शोध की गुणवत्ता के लिए एथिकल कमेटी बनाई जायेगी। कमेटी के अध्यक्ष कुलपति होंगे और सचिव रजिस्ट्रार। इसके अलावा एक मेडिकल अफसर, लॉ अफसर और एक सामाजिक क्षेत्र के व्यक्ति होंगे। यह कमेटी देखेगी कि जूलॉजी विभाग मे अगर किसी आदमी या जानवर को शोध के लिए इस्तेमाल किया जाये तो उसके साथ कोई गलत व्यवहार न हो।

## अतिथि शिक्षकों के रीन्यूवल के लिए जारी हुआ पत्र

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के अतिथि शिक्षको के रीन्यूवल के लिए विवि प्रशासन ने गुरुवार को सभी कॉलेजो को पत्र जारी किया है। कुलसचिव ने प्राचार्यों से अतिथि शिक्षको पर उनका मंतव्य मांगा है। प्राचार्यों को यह मंतव्य 30 मई तक दे देना है। प्राचार्यों को अपने मंतव्य मे अतिथि शिक्षको के बारे में अच्छा, उत्कृष्ट, संतोषजनक और असंतोषजनक लिखकर बताना है।

## गर्मी छुट्टी में विवि के हॉस्टल कराये जाएंगे खाली

मुजफ्फरपुर । गर्मी की छुट्टी मे बीआरएबीयू के हॉस्टल खाली कराये जाएंगे। कुलपति के निर्देश पर डीएसडब्ल्यूने यह निर्देश सभी हॉस्टल सुपरिटेंडेंट को जारी किया है। बीआरएबीयू में 21 मई से गर्मी की छुट्टी शुरू हो गई है। ब्वॉयज और गर्ल्स हॉस्टल मे वही छात्र या छात्राएं रहेंगी जिनकी परीक्षा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:23.05.2025, PAGE-06

# बीएड प्रवेश परीक्षा में 8.30 बजे से होगा छात्रों का प्रवेश

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर नोडल अफसर प्रो. टीके डे और बीआरएबीयू के प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने गुरुवार को सभी केंद्राधीक्षकों के साथ ऑनलाइन बैठक की। परीक्षा 28 मई को 29 केंद्रों पर होगी।

बैठक में निर्देश दिया गया कि केंद्राधीक्षक बीएड के लिए जारी दिशा निर्देश को अच्छी तरह से पढ़कर समझ लें। बैठक में बताया गया कि परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाये जाएंगे और बायोमेट्रिक हाजिरी लगेगी। परीक्षा केंद्र पर एक आब्जर्वर रहेंगे। परीक्षा के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड भी निरीक्षण करेगी। परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष करायी जायेगी। हर केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। 500 छात्रों पर एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट रहेंगे। केंद्राधीक्षकों को सात बजे केंद्र पर पहुंचना है और छात्रों को सुबह 8.30 से 10.30 तक प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा 11 से 1 बजे तक होगी। बैठक में निर्देश दिया गया कि छात्रों की मेन गेट पर और कक्षा में पूरी जांच की जायेगी।

## 26 से भरे जाएंगे वोकेशनल कोर्स के परीक्षा फार्म

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में वोकेशनल कोर्स का परीक्षा फार्म 26 मई से तीन जून तक भरा जायेगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। छात्र 200 रुपये लेट फाइन के साथ चार से छह जून तक भी फार्म भर सकेंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:23.05.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स के लिए 26 से भरा जाएगा परीक्षा फार्म

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने विभिन्न कालेज और पीजी विभागों में संचालित वोकेशनल कोर्स की परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि जारी कर दी है। 26 मई से तीन जून तक बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फार्म भरे जाएंगे। इसके बाद चार से छह जून तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म भरा जाएगा। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ही फार्म भरा जाएगा। इसके बाद इसके प्रिंटआउट को विभाग के माध्यम से बैंक चालान से फीस जमा कराई जाएगी। परीक्षा नियंत्रक ने सभी कालेजों के लिए गाइडलाइन जारी की है। वोकेशनल कोर्स की परीक्षा जून में होने की संभावना है। परीक्षा के दो महीने बाद यानी अगस्त में परिणाम जारी हो सकता है। परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व इसका एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा।

**4 से छह जून तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ भरा जाएगा फार्म**

**जून में परीक्षा होने की संभावना अगस्त में जारी हो सकता परिणाम, परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व जारी होगा एडमिट कार्ड**



**ये हैं वोकेशनल कोर्स :** बीलिस सत्र 2024-25, पीजीडीवाइएस सत्र 2024-25 के द्वितीय सेमेस्टर, एचजेएमसी सत्र 2024-25 के द्वितीय सेमेस्टर, पीजीडीसीए सत्र 2024-25 के द्वितीय सेमेस्टर, एमसीए सत्र 2024-27 के द्वितीय सेमेस्टर, 2023-26 के चौथे सेमेस्टर और 2022-25 के छठे सेमेस्टर, एमबीए सत्र 2024-26 के द्वितीय सेमेस्टर व 2023-25 के चौथे सेमेस्टर का फार्म भरा जाएगा। वोकेशनल कोर्स सीएनडी, आइएफएएफ, बायोटेक, इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री, आईएमबी और बीएमसी के सत्र 2024-27 के प्रथम वर्ष, सत्र 2023-26 के द्वितीय वर्ष और 2022-25 के तृतीय वर्ष, बीबीए-बीसीए के 2024-27 के द्वितीय सेमेस्टर, 2023-26 के चौथे सेमेस्टर और 2022-25 के छठे सेमेस्टर का फार्म भरा जाएगा। एमएससी फिश एंड फिसरीज 2024-26 के पूर्व की परीक्षा और 2023-25 के फाइनल इयर के विद्यार्थी भी फार्म भरेंगे। फैशन डिजाइनिंग के प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष, पीजी डिप्लोमा इन रशियन द्वितीय सेमेस्टर, चौथे सेमेस्टर और सर्टिफिकेट इन रशियन के द्वितीय सेमेस्टर, आइटी, एकाउंट, टैक्स और योगा कोर्स के लिए पांचवें सेमेस्टर का फार्म भरा जाएगा।

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:23.05.2025, PAGE-04**

# बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में होगी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक जांच

- जिले के 29 केंद्रों पर 28 मई को आयोजित होगी परीक्षा
- एडमिट कार्ड के साथ लाना होगा आधार कार्ड व उसकी छाया प्रति



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीइंटी बीएड) 2025 में परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक जांच की जाएगी। परीक्षा में उपस्थिति बायोमेट्रिक से होगी। दूसरी ओर एडमिट कार्ड के साथ पहचान के लिए आधार कार्ड व उसकी छाया प्रति लेकर आना होगा। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड दो प्रति में लाना है। एक प्रति परीक्षार्थी के पास रहेगी और दूसरी परीक्षा केंद्र पर जमा होगा। जिले के 29 केंद्रों पर 28 मई को प्रवेश परीक्षा होगी। केंद्रों पर परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक से उपस्थिति ली जाएगी। वहीं कदाचार रोकने को लेकर केंद्रों पर जैमर भी लगेगा। सभी केंद्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय और नोडल विश्वविद्यालय स्तर से ही व्यवस्था की जाएगी। अबकी बार राजभवन से पर्यवेक्षक नहीं रहेंगे।

राजभवन ने लगातार छठी बार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी को दी है। 28 मई को होने वाली परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। एक शिफ्ट में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक परीक्षा होगी। इसके लिए एक घंटा पहले तक प्रवेश की अनुमति होगी। नोडल विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. अशोक कुमार मेहता ने बताया कि नोडल विश्वविद्यालय आब्जर्वर, विश्वविद्यालय नोडल आफिसर और केंद्रीय समन्वयक सह पर्यवेक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। केंद्रीय समन्वयक सह पर्यवेक्षक 25 मई को अपने -अपने जिला के लिए रवाना होंगे। वे गोपनीय सामग्री (प्रश्न पुस्तिका व उत्तर पुस्तिका) को छोड़कर परीक्षा संबंधित अन्य सामग्री सभी परीक्षा केंद्र को देंगे। वहीं विश्वविद्यालय के नोडल आफिसर और जोनल को-आर्डिनेटर से समन्वय बनाकर परीक्षा की तैयारी का जायजा लेंगे। परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी के लिए तैयारी चल रही है। सभी छात्रों को समय से पहुंचने के लिए निर्देश दिया गया है। परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 23.05.2025, PAGE-04

# 26 से भरें वोकेशनल कोर्स का परीक्षा फॉर्म

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- तीन जून तक बिना विलंब शुल्क के भर सकते हैं फॉर्म
- चार से 6 जून तक 200 रुपये विलंब शुल्क लगेगा

बीआरएबीयू ने विभिन्न कॉलेजों व पीजी विभागों में संचालित वोकेशनल कोर्स की परीक्षा को लेकर फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है. 26 मई से 3 जून तक कोर्स के फॉर्म बिना विलंब शुल्क के भरे जायेंगे. इसके बाद चार से छह जून तक दो सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने का मौका मिलेगा.विवि के आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म भरा जायेगा. इसके बाद फॉर्म के प्रिंटआउट के साथ संबंधित विभाग के माध्यम से बैंक चालान से फॉर्म की फीस जमा करायी जायेगी. परीक्षा नियंत्रक ने सभी कॉलेजों को पत्र भेजा है.वोकेशनल कोर्स की परीक्षा जून में होनी है. अगस्त में रिजल्ट जारी होगा. परीक्षा से सप्ताह पूर्व इसका एडमिट कार्ड जारी होगा.

**कोर्स का भरा जाना है परीक्षा फॉर्म**

कोर्स सीएनडी, आइएफएएफ, बायोटेक, इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री, आइएमबी व बीएमसी के सत्र 2024-27 के प्रथम वर्ष, सत्र 2023-26 के द्वितीय वर्ष व 2022-25 के तृतीय वर्ष, बीबीए-बीसीए के 2024-27 के द्वितीय सेमेस्टर, 2023-26 के चौथे सेमेस्टर व 2022-25 के छठे सेमेस्टर का फॉर्म भरा जायेगा. बीलिस सत्र 2024-25, पीजीडीवाइएस सत्र 2024-25 के द्वितीय सेमेस्टर, एचजेएमसी सत्र 2024-25 के द्वितीय सेमेस्टर, पीजीडीसीए सत्र 2024-25 के द्वितीय सेमेस्टर, एमसीए सत्र 2024-27 के द्वितीय सेमेस्टर, 2023-26 के चौथे सेमेस्टर व 2022-25 के छठे सेमेस्टर, एमबीए सत्र 2024-26 के द्वितीय सेमेस्टर व 2023-25 के चौथे सेमेस्टर का फॉर्म भरा जायेगा.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए इस कोड को स्कैन करें .

## फाइनल इयर के विद्यार्थी भी भरेंगे फॉर्म

एमएससी फिश एंड फिशरीज 2024-26 के पूर्व की परीक्षा व 2023-25 के फाइनल इयर के विद्यार्थी भी फॉर्म भरेंगे . फैशन डिजाइनिंग के प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष, पीजी डिप्लोमा इन रशियन द्वितीय सेमेस्टर, चौथे सेमेस्टर व सर्टिफिकेट इन रशियन के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरा जायेगा . आइटी, एकाउंट, टैक्स व योग कोर्स के लिए पांचवें सेमेस्टर का फॉर्म भरा जायेगा .